# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल सिंगरौली(म0प्र0)

माजन मोड़ जिला पंचायत के बगल में

ईमेल–dfot.sgl@mp.gov.in. फोन–07805-233336 फैक्स–233335


क्र0 / तक0 / 3703 सिंगरौली, दिनांक 27-06-2025

प्रति,

महाप्रबंधक,
नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
खड़िया परियोजना शक्तिनगर, सोनभद्र यू.पी.

विषयः– वनमण्डल सिंगरौली के परिक्षेत्र बैढ़न के वन कक्ष कमांक पी.एफ. 261 के रकवा 53.142 हेक्टेयर वनभूमि में खड़िया विस्तार परियोजना अंतर्गत कोयला उत्खनन व्यपवर्तन का ऑनलाईन प्रस्ताव कमांक FP/MP/MIN/149270/2021

संदर्भः– 1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल का पत्र दिनांक 16.06.2025

2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म0प्र0 भोपाल का पत्र कमांक / एफ–1 / 844 / 2023 / 10–11 / 1665 दिनांक 17.06.2025

–000–

विषयांतर्गत के संबंध में सिंगरौली जिले में नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खड़िया विस्तार परियोजना व्यपवर्तन हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत ऑनलाइन प्रस्तावित है। जिसमें वन मण्डल सिंगरौली में वन परिक्षेत्र बैढन अन्तर्गत कक्ष क्रमांक पी.एफ. 261 कुल रकवा 53.142 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है। जिसमें भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से प्रकरण में सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गयी है।

2. प्रथम चरण की (सैद्धांतिक) सशर्त स्वीकृति के अनुसार नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क0 | मद का नाम | रकवा (हे0 में) | कैम्पा मद में जमा की जाने योग्य राशि | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नेट प्रेजेन्ट वैल्यू | 53.142 | 6,52,89,730 / – | 6,52,89,730 / – |
| | | | **6,52,89,730 / –** | **6,52,89,730 / –** |

3. एन.पी.व्ही. रकवा 53.142 हे0 की राशि रू. 6,52,89,730 / –(रू. छः करोड़ बावन लाख नवासी हजार सात सौ तीस मात्र) जिसे कैम्पा मद में भारत सरकार की वेबसाईट के माध्यम से जमा कराकर चालान एवं यू.टी.आर. की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।

4. प्रथम चरण की सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तो का पालन प्रतिवेदन एवं वचन पत्र चार प्रतियों में टेबुलर फार्म में तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि पालन प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय की ओर प्रेषित किया जा सके।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

पृ0क्र0 / तक0 / 3704 सिंगरौली दिनांक 27-06-2025

प्रतिलिपिः– 1. अपर प्रधान मुख्य वन सरक्षक (भू–प्रबंध), मध्यप्रदेश, भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2. वन संरक्षक रीवा, वृत्त रीवा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

SWETA DOCS\NCL\NCL KHADIYA\memo